कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोधपुर पूर्व

।। प्रेस नोट ।।

@ DCPEastJodhpur   DCPEastJodhpur   @ Dcp Jodhpur East

दिनांकः– 13.08.2023

वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा एरिया डॉमिनेशन के लिये विशेष अभियान के तहत कार्यवाही

- **वांछित अपराधियों के विरूद्ध जिला जोधपुर पूर्व की संयुक्त कार्यवाही**
- **लगभग 240 पुलिसकर्मियों द्वारा 48 टीमें बनाकर अवैध शराब/हथियार तस्करी करने वाले के अपराधियों के विरूद्ध अल सुबह एक साथ 210 स्थानों पर दी गई दबिशें**
- **अभियान के दौरान 4 आरोपियों को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार कर अवैध देशी शराब के कुल 223 पव्वे तथा, 05 आरोपियों को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर 05 धारदार हथियार बरामद किये ।**
- **दबिश के दौरान 05 हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 92 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया ।**

- **कार्यवाही पुलिसः–** पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी एवं उनकी गिरफ्तारी तथा एरिया डॉमिनेशन के तहत चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रदत निर्देशों की पालना में श्रीमान् पुलिस आयुक्त के सुपरविजन में मन् पुलिस उपायुक्त श्रीमती डॉ़ अमृता दुहन आईपीएस के निकट निर्देशन में श्री नाजिम अली खान, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व ,सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर श्री पीयूष कविया, श्री ओमप्रकाश सरावग, सहायक पुलिस आयुक्त पूर्व तथा श्री छवि शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त केन्द्रीय तथा जिला जोधपुर पूर्व के समस्त थानाधिकारी मय स्टाफ व शक्ति टीम द्वारा आज दिनांक 13.08.2023 को अभियान के अन्तर्गत प्रदत निर्देशानुसार लगभग 240 पुलिसकर्मियों द्वारा 48 टीमें बनाकर अवैध शराब/हथियार तस्करी करने वाले के अपराधियों के 210 स्थानों पर अल सुबह एक साथ दबिश दी गई। वृत स्तर पर यथा वृत मण्डोर में 89, वृत पूर्व में 42 व वृत केन्द्रीय में 79 स्थानों पर दबिश देकर सघन तलाशी लेकर कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान कार्यवाही में वृत मण्डोर में आबकारी अधिनियम में 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार 73 अवैध देशी शराब के पव्वे तथा 01 व्यक्ति को अवैध धारदार हथियार के साथ तथा 01 हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 30 वांछित अपराधी, वृत पूर्व में 01 व्यक्ति को अवैध धारदार हथियार के साथ तथा 02 हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 27 वांछित अपराधी, व वृत केन्द्रीय में आबकारी अधिनियम में 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 150 अवैध देशी शराब के पव्वे तथा 02 व्यक्तियों को अवैध धारदार हथियार के साथ तथा 02 हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 35 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया ।

कार्यवाही में शामिल पुलिस टीमः–

1 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व मय स्टाफ
2. सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर मय स्टाफ
3. सहायक पुलिस आयुक्त पूर्व मय स्टाफ
4. सहायक पुलिस आयुक्त केन्द्रीय मय स्टाफ
5. समस्त थानाधिकारी जिला पूर्व मय स्टाफ
6 जिला स्पेशल टीम मय साईबर टीम

पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व

लापरवाही से वाहन न